बी.टेक इंजीनियरिंग, भौतिकी, आई॰आई॰टी॰ रूड़की के छात्रों की हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के दौरे रिपोर्ट

Report on Visit of students of B. Tech Engineering Physics, IIT Roorkee to Himalayan Forest Research Institute, Shimla

---

आई॰आई॰टी॰ रूड़की के बी.टेक., इंजीनियरिंग, फिजिक्स तृतीय वर्ष के 55 छात्रों ने दो संकाय सदस्यों के साथ 01.03.2024 को भा.वा.अ.शि.प.- हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का दौरा किया। डॉ. जगदीश सिंह, प्रमुख विस्तार ने छात्रों एवं संकाय सदस्यों का स्वागत किया। डॉ. विनोद कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने आगंतुकों को संस्थान की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होने मुख्यत संस्थान द्वारा विकसित तकनीकों एवं उत्पादों पर प्रकाश डाला।   डॉ. जगदीश सिंह, प्रमुख विस्तार ने छात्रों को मिशन लाइफ के बारे में बताया और उनसे प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करके पृथ्वी को और अधिक हरा-भरा बनाने योगदान देने का आग्रह किया। इसके अलावा अमृत सरोवर योजनाओं के उद्देश्यों और शहरी वानिकी के महत्व के बारे में भी संक्षेप में जानकारी दी गयी। डॉ. संदीप शर्मा, निदेशक ने संस्थान द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यो पर प्रकाश डाला। अंत में, छात्रों द्वारा उठाए गए सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया गया। श्री राजेंद्र पाल, वरिष्ठ तकनीशियन ने संस्थान में छात्रों की यात्रा का समन्वय किया। छात्रों को संस्थान के प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र, प्रयोगशालाओं और हर्बेरियम में भी ले जाया गया, जहां सबंधित प्रभारी अधिकारी ने छात्रों को वहाँ चल रही अनुसंधान गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया।

भा.वा.अ.शि.प. - हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
में आपका स्वागत है

****